# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 22 दिसम्बर, 2016/ 1, पौष, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 39**

----

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना

***3605 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने प्रदेश को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) स्वीकृत किया है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे बिलासपुर में खोलने का विचार रखती है; और इसके निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

### Sewerage System

***3606 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of construction of sewerage system for Dalhousie town; and

(b) during the year 2016-17 how much amount is available for the same?

----

## बेरोजगारी भत्ता

***3607 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01.01.2013 से 31.10.2016 तक सरकार ने कांग्रेस घोषणा पत्र के अनुसार कितने बेरोजगार 10+2 व स्नातक युवाओं जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रूपये से कम है, को 1000 रूपये प्रतिमाह और पात्र विकलांग बेरोजगार स्नातक युवाओं को 1500 रूपये प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता दिया गया; ब्यौरा लाभार्थियों का नाम व पते सहित रोजगार कार्यालयवार दें; और

(ख) इस अवधि तक प्रदेश में विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कितने 10+2 व स्नातक और पात्र विकलांग स्नातक बेरोजगार पंजीकृत हैं; ब्यौरा रोजगार कार्यालयवार दें?

----

## कुफरी चेयड़ सड़क

***3608 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुफरी चेयड़ सड़क की मैटलिंग व टारिंग हेतु निविदाएं कब की गई;

(ख) यह कार्य किस ठेकेदार को आबंटित किया गया और दिनांक 30.11.2016 तक कार्य प्रारम्भ न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार यह कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है?

----

## एम०ई०एस० यार्ड

***3609 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि धर्मपुर तहसील के अन्तर्गत कसौली स्थित एम०ई०एस० यार्ड का स्वामित्व प्रदेश सरकार के पास है;

(ख) यदि हां, तो इस यार्ड की भूमि को प्रदेश सरकार को हस्तांतरित करने हेतु क्या पग उठाए गए; और

(ग) इस यार्ड का क्षेत्रफल कितना है ?

----

## Hand pumps

***3610 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three months how many hand pumps have been sanctioned to different Constituencies in the State; Constituency wise details be given; and

(b) whether the Department intends to sanction more number of hand pumps to Lahaul and Spiti Divisions during this financial year?

----

## केन्द्रीय विश्वविद्यालय

***3611 श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 4-11-2016 को केन्द्र सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में कोई अधिसूचना जारी की गई; यदि हां, तो उसकी प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) यह भी सत्य है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हि0 प्र0 के नाम देहरा में भूमि हस्तांतरित हो गई है; यदि हां, तो कितनी भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्र सरकार की ओर से प्राप्त हुआ है और कितनी भूमि का अभी प्राप्त नहीं हुआ है; पत्र की प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह भी सत्य है कि हाल ही में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हि0प्र0 के प्रशासन की ओर से उपायुक्त, कांगड़ा एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को देहरा में विश्वविद्यालय हेतु भूमि की निशानदेही करवाने बारे पत्र जारी किया गया है; यदि हां, तो उस आधार पर क्या कार्रवाई की गई; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय तलवाड़

***3612 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय तलवाड़ कब अस्तित्व में आया;

(ख) वर्तमान में इसमें कौन-कौन से व्यवसाय चल रहे हैं; और

(ग) इस कॉलेज के भवन की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

***3613 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पैंशन (विधवा, बुढ़ापा और अपंग) के कितने आवेदन सरकार को प्राप्त हुए; इनमें से कितने स्वीकृत किये गये तथा कितने लम्बित हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित वर्गवार दें; और

(ख) सरकार लम्बित आवेदनों को कब तक निपटाने का विचार रखती है?

----

## स्थाई निवासी प्रमाण-पत्र

***3614 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में स्थाई निवासी (Bonafide) प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु क्या नियम निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) यदि किसी लड़की का दूसरे प्रदेश में विवाह हो जाता है तो क्या उसको यह प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## जल भंडारण टैंक

***3615 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंडल शमशी एवं कुल्लू के अन्तर्गत कुछ भंडारण टैंक उपयोग से पहले या कुछ मास के भीतर लीक हो गए; यदि हां, तो ब्यौरा इन पेयजल योजनाओं के नाम, भंडारण टैंक के स्थान व लागत तथा ठेकेदारों के नाम सहित दें; और

(ख) इन टैंकों के लीक एवं सिपेज होने के क्या कारण हैं तथा ठेकेदारों के विरूद्व क्या कार्रवाई की गई?

----

## पटवारी/कानूनगों की रिक्तियां

***3616 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने पटवार सर्कल हैं और इनमें कितने पटवारी व कानूनगो के पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## आवारा पशुओं से निजात

***3617 श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में आवारा पशुओं की बढ़ौतरी से किसान तंग होकर भूमि की बिजाई न करने पर मजबूर हैं;

(ख) यदि हां, तो सरकार इनसे निजात दिलवाने हेतु क्या पग उठा रही है; और

(ग) गत एक वर्ष में सरकार द्वारा प्रदेश में कितने गौ सदन खोले गए; ब्यौरा दें?

----

## टोल टैक्स बैरियर

***3618 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने टोल टैक्स बैरियर कहां-कहां स्थापित हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में यह बैरियर कब-कब किस-किस ठेकेदार को कितनी-कितनी धनराशि में आबंटित/नीलाम किए गए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ग) इन बैरियरों में से किस-किस बैरियर में ठेकेदारों से कितनी-कितनी व कब-कब से बकाया राशि लेनी शेष है; ब्यौरा ठेकेदार/बैरियर के नाम व पते सहित दें?

----

## विकास कार्य

***3619 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा के अन्तर्गत कौन-कौन से विकास कार्य किए गए; उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में मनरेगा के अन्तर्गत कौन से कार्य चल रहे हैं तथा इन कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की जा रही है; ब्यौरा कार्यवार दें; और

(ग) विभाग द्वारा जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं या चल रहे हैं उनकी धनराशि की अदायगी क्या सम्बन्धित लोगों को कर दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## बस अड्डे का निर्माण

***3620 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; और

(ख) इसका निर्माण किस योजना के अन्तर्गत किया जायेगा?

----

## लो-वोल्टेज

***3621 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) राजगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस गाँव में Low voltage की समस्या है; ब्यौरा गाँव के नाम सहित दें; और

(ख) सरकार ने इस समस्या को दूर करने हेतु क्या पग उठाए हैं?

----

## पैन्शन योजना

***3622 श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या वर्ष 2003 के बाद सरकारी नौकरियों में भर्ती किए गए कर्मचारियों/अधिकारियों को पैन्शन (Pension) देने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो किस तर्ज़ पर; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश सरकार कितनी धनराशि C.P.F के रूप में कर्मचारियों के वेतन से काटती है और कितनी स्वयं वहन करती है; ब्यौरा दें?

----

## संविधान संशोधन

***3623 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा 85वें संविधान संशोधन को लागू किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसे कब तक लागू करने का विचार रखती है; विवरण दें?

----

## सामग्री का क्रय

***3624 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक लोक निर्माण विभाग ने कितनी-कितनी मात्रा में विभिन्न सामग्री किन कम्पनियों/ठेकेदारों/सप्लायरों से क्रय की; ब्यौरा प्रत्येक की दर/कुल मात्रा, कुल राशि, वर्ष व कम्पनियों/ठेकेदारों के नाम व पते सहित मण्डलवार/वृत्तवार/जोनवार तथा प्रदेश के केन्द्रीय भंडारणवार दें;

(ख) इस अवधि में कितनी सामग्री घटिया पाई गई; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ग) विभाग द्वारा कितनी सामग्री Open Market में जब दरें कम थी पुरानी उच्च दरों से क्रय की गई तथा क्या क्रय में E-Tendering प्रणाली अपनाई गई है या नहीं; ब्यौरा मदवार दें?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नदौन

***3625 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सी0एच0सी0 नदौन के भवन का शिलान्यास कब किया गया तथा इसकी अनुमानित लागत कितनी है;

(ख) इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## Sports Stadium Banikhet

***3626 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Sports Stadium at Banikhet needs repair and maintenance; and

(b) by when the Government proposes to allocate sufficient funds to improve the condition of the ground?

----

## किसानों का ऋण

***3627 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1.1.2013 से 31.10.2016 तक प्रदेश में कितने किसानों के ऋणों के ब्याज माफ किए गए; कितने किसानों के ऋणों की ब्याज दर में कमी की गई व कितने का आंशिक ऋण माफ किया गया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित जिलावार दें?

----

## स्तरोन्नत विद्यालय

***3628 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन से विद्यालय स्तरोन्नत किए गए;

(ख) इन विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ग) इन विद्यालयों में अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Supply of Pipes

***3629 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that delay in supply of HDPE pipes in Tribal Area is due to powers vested with ENC of Shimla; and

(b) why the powers of sanctioning is not being delegated to RC/ADC in Tribal Areas as they are holding the powers of HOD in single line administration for early requirement of HDPE pipes?

----

## सृजित पद

***3630 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 30.11.2016 तक वन विभाग में प्रधान मुख्य अरण्यपाल (PCCF) के कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद भरे हुए हैं; और

(ख) यह सत्य है कि उक्त अवधि तक PCCF(Head of Forest Force) का पद नियमित तौर पर नहीं भरा गया है; यदि हां, तो कारण?

----

## प्राकृतिक आपदा राशि

***3631 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा राशि (Natural Calamity Fund) से विभिन्न विभागों व लोगों को कितनी-कितनी धनराशि जारी की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## सब-तहसील

***3632 श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जयसिंहपुर तहसील कार्यालय तथा पंचरुखी और आलमपुर सब- तहसील कार्यालय कब-कब सृजित किए गए;

(ख) वर्तमान में इन कार्यालयों का संचालन किस-किस भवन में चल रहा है;

(ग) यह कार्यालय कब तक ऑनलाइन कार्य प्रारम्भ कर देंगे; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार इन कार्यालयों में रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली

***3633 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि BPL परिवार क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चयनित होने से BPL की सूची से कट जाता है; यदि नहीं;तो ब्यौरा दें?

----

## अनियमितताएं

***3634 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत भुन्तर में सचिव का पद रिक्त है; यदि हां, तो इस पद को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) भुन्तर नगर पंचायत में की गई अनियमितताओं के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## नई बसें

***3635 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के रोहड़ू डिपो में कितनी बसों को नकारा घोषित किया गया और कितनी नई बसें आबंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

***3636 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की कितनी योजनायें विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत स्वीकृत की गई तथा कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## Monkey Sterilization Centre

***3637 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that monkey sterilization centre has been set up in Village Boul (Jogi Panga) in Kutlehar Assembly Constituency;

(b) if so, the name of villages from where the monkeys will be caught/brought for sterilization and the details of number of monkeys with age group sterilized so far be given;

(c) details of persons and vehicles engaged for catching, bringing and releasing of monkeys and how much amount has been paid to them/spent for this job;

(d) whether the monkeys brought from specific place were required to be released at the same place; and

(e) by when this centre will be closed from this place?

----

## ग्रेड पे विसंगति

***3638 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत बहुतकनीकी संस्थानों में कार्यरत कम्प्यूटर सहायकों के वेतनमान से सम्बन्धित ग्रेड पे की विसंगति का मामला सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यह भी सत्य है कि दिनांक 1.1.2006 से पूर्व विभाग में कार्यरत वर्कशॉप इन्स्ट्रक्टर के वेतनमान को दिनांक 1.1.2006 को संशोधित करने के उपरान्त 3600 रू0 ग्रेड पे के स्थान पर 4600 रू0 ग्रेड पे किया गया है; जबकि कम्प्यूटर सहायकों का ग्रेड पे नहीं बढ़ाया गया; जो वर्कशॉप इन्स्ट्रक्टर से 1.1.2006 से पूर्व अधिक ग्रेड पे (3800 रूपये) ले रहे थे; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार कम्प्यूटर सहायकों का ग्रेड पे वर्कशॉप इन्स्ट्रक्टर से अधिक 4600 रूपये करने का विचार रखती हैं?

----

## रिक्त पद

***3639 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## आश्रितों को रोज़गार

***3640 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में सभी विभागों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की मृत्यु के उपरान्त कितने आश्रितों ने नौकरी हेतु आवेदन किए हैं और किस वर्ष तक के आवेदकों को नौकरी मिल चुकी है;

(ख) इस योजना के क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार शेष बचे आवेदकों को कब तक रोजगार उपलब्ध करवाने का विचार रखती है ?

----

## हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

***3641 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा कितने नए Hydro power Projects को स्वीकृति प्रदान की गई तथा कितने Projects का कार्य प्रारम्भ किया गया; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें;

(ख) यह सत्य हैं कि दिनांक 30 नबम्वर, 2016 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में HPPCL के माध्यम से नए Hydro Power Projects स्थापित किए गए; यदि हां, तो ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) सरकार क्या चुराह विधान सभा क्षेत्र के लोगों को कुडथला पावर स्टेशन से बिजली वितरण का विचार रखती हैं; यदि हां, तो ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***3642 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं तथा उनमें अध्यापक संवर्ग की विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) इनमें कितने पद भरे हुए हैं और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## विभिन्न योजनाओं हेतु धनराशि

***3643 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक वन विभाग को विभिन्न प्रदेशों/ केन्द्र/ अन्य देशों द्वारा चलाई गई योजनाओं से कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजनावार दें;

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत कितने वन क्षेत्र में नए पौधरोपण का प्रावधान था; कितने पौधों का रोपण किया गया;

(ग) किन-किन नर्सरियों से पौधे किस दर से क्रय किये गए; ब्यौरा नर्सरियों के नाम व पते तथा कुल राशि सहित वर्षवार दें;

(घ) कितनी काँटेदार तार जंगलों की सुरक्षा के लिए किन-किन कम्पनियों से क्रय की गई; ब्यौरा टैंडर प्रक्रिया व राशि सहित दें; और

(ङ.) इस अवधि में कितने R.C.C. के पोल किस-किस दर पर किन-किन ठेकेदारों से क्रय किए गए; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 6 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**